मोनीटरिंग और मूल्यांकन

कार्यक्रम के कार्यन्वयन में सुधारात्मक उपाय करने के लिए मानीटरिंग और मूल्यांकन की आवश्यकता/गुणात्मक और मात्रात्मक मानीटरिंग के लिए उपयुक्त तंत्र विकसित किया जाना चाहिए ।

महिलाओं की भागीदारी

यह महसूस किया गया कि महिलाओं की भागीदारी के बिना सामाजिक परिवर्तन का कोई भी कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता । अतः सहभागिता सिंचाई प्रबंधन कार्यक्रम में महिलाओं को शामिल किया जाना चाहिए ।

आठवीं योजना में सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण

1025.**श्री गोपाल सिंह जी.सोलंकी**: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण हेतु 28391.79 करोड़ रूपये का प्रावधान किया था;

(ख) यदि हां,तो क्या उक्त अवधि के दौरान यह राशि खर्च की गई थी;

(ग) यदि नहीं,तो मार्च-अक्तूबर,1997 तक खर्च पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि जारी की गई ;और

(घ) धनराशि के कम आंबटन से कौन-कौन सी चालू सिंचाई परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोमपाल): (क) जी,हां ।

(ख) (ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना में वृहत और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं और लघु सिंचाई स्कीमों के लिए मार्च,1997 तक 27662.34 करोड़ रू.(अनंतिम) खर्च होने का अनुमान हैं ।

(घ) योजना आयोग द्वारा नौंवी पंचवर्षीय योजना के लिए वृहत और मध्यम सिंचाई कार्यक्रम पर गठित कार्य दल की रिपोर्ट के अनुसार निधियों के अपर्याप्त आबंटन सहित विभिन्न विभिन्न कारणों से 119 वृहत सिंचाई परियोजनाएं,176 मध्यम सिंचाई परियोजनाएं तथा 67 पुरानी परियोजनाओं का विस्तार,नवीकरण और आधुनिकीकरण (ई आर एम) पिछली योजनाओं से नौंवी पंचवर्षीय योजना में लाया गया हैं ।

भूमिगत जल स्तर में गिरावट

1026.**श्री गोपाल सिंह जी.सोलंकी**: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विगत दो दशकों से विभिन्न राज्यों में भूमिगत जल स्तर में निरंतर गिरावट आई है और इसके परिणामस्वरूप पेयजल,सिंचाई और खेती के लिए सुरक्षित जल के लिए जुटाये जाने वाले संसांधनों की स्थिति विकट हो गई हैं;

(ख) निरंतर गिरते भूमिगत जल स्तर के परिणामस्वरूप कुछेक राज्यों में अकाल की संभावना बढ़ गई हैं;

(ग) क्या सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए अब तक कोई दीर्घकालिक योजना तैयार की है;और

(घ) क्या सरकार ने भूमिगत जल संसाधनों संबंधी कोई अन्वेषण कार्य किया हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री(श्री सोमपाल) : (क) केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा किये गये दीर्घकालीन प्रेक्षणों से देश के विभिन्न भागों में भूजल के स्तर में वृद्वि और गिरावट दोनों स्थितियों का पता चला है । पेय और सिंचाई/कृषि प्रयोजनों के लिए भूजल संसाधनों की स्थिति एक स्थान से दूसरे स्थान पर भिन्न-भिन्न है यह स्थिति स्थिर भूजल रिजर्व,विकास का स्तर और वर्षो जल के जरिए सामान्य भराई पर निर्भर करता है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) जल राज्य का विषय होने के कारण,इसके विकास और उपयोग की आयोजना,वित्त पोषण और कार्यान्वयन राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है । केन्द्र सरकार वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों द्वारा किये गये प्रयासों को पूरा करती हैं

(घ) केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा देश के भूजल संसाधनों को मूल्यांकन करने और अनुमान लगाने के लिए अध्ययन/अनसंधानों के परिणाम रिपोर्टो,मानचित्रों और भूजल एटलस के रूप में दर्ज़ किये गये हैं और राज्य सरकारों तथा अन्य अभिकरणों को उनके प्रयोग के लिए उपलब्ध कराये जाते हैं ।

Inter-State River Water Dispute

1027. SHRI RAJUBHAI A PARMAR: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) for how long each of the Inter-State' river water dispute will continue to